प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राज्य विधानसभा का मानसून सत्र एक सितम्बर से शुरू होगा–इससे पहले विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में कल सर्वदलीय बैठक का आयोजन।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– कोटा को मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जायेगा।
- भगवान गणपति की आराधना का पर्व गणेश चतुर्थी आज प्रदेशभर में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- राजस्थान राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से बीकानेर में।

00000

राज्य विधानसभा का मानसून सत्र एक सितम्बर से शुरू होगा। इससे पहले विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, बसपा के मनोज कुमार, भारत आदिवासी पार्टी के थावर चंद और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग को आमंत्रित किया गया है। श्री देवनानी इस सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधान सभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की आठ करोड जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए जाएंगे। जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सत्र के दौरान सरकार कई विधेयक पेश करेगी।

.....

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कोटा को मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही कोटा चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में देश के प्रमुख शहरों में शामिल होगा। श्री बिरला कल दादाबाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दादाबाड़ी स्वास्थ्य केंद्र ने अपने समर्पण और निष्ठा से लोगों का विश्वास जीता है और आज यह शहर का आदर्श स्वास्थ्य केंद्र बन चुका है। श्री बिरला ने कहा कि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरे प्रयास किये जायेंगे।

....

00000

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि मंत्रालय का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं का संचालन करना नहीं है, बल्कि जरूरतमंद तक उनका लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह बात कल झुंझुनूं प्रवास के दौरान कही। डॉ. कुमार ने जिले में नशा मुक्ति केंद्र और ओल्ड एज होम जैसी सुविधाएं नहीं होने पर चिंता जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन इन संस्थाओं की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से मंत्रालय को भेजे।

....

00000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरु और कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कार्यवाहक कुलगुरु डॉ. अरुण कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के आदेश जारी किए हैं। डॉ. अरुण कुमार के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थी। जांच के लिए संभागीय आयुक्त, जोधपुर को निर्देशित किया गया था।

000

भगवान गणपति की आराधना का पर्व गणेश चतुर्थी आज प्रदेश भर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों और घरों में विघ्नहर्ता गणपति का विशेष अभिषेक और आरती की जा रही है।

राजधानी जयपुर के गढगणेश मंदिर सहित सभी गणेश मंदिरों में मंगला आरती में डंका अर्पित कर लड्डू–गुड़धानी का भोग लगाया गया। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में भी विशेष अभिषेक किया जा रहा है। बडी संख्या मे श्रद्धालुओं की भीड के मद्देनजर प्रशासन ने यातायात के विशेष इंतजाम किए है। आज सवाईमाधोपुर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में मुख्य मेला भर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में श्रद्धालु गणपति बप्पा मोर्या के उद्घोष के साथ उत्साह से दर्शन कर रहे है।

.....

**बारां** में गणपति स्थापना के साथ ही जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में एक दिवसीय मेले लगाये गये है। पाली के प्राचीन सिद्धपीठ गणेश मंदिर में अभिषेक, हवन और ध्वजारोहण कर विशेष पूजा की जा रही है। भीलवाडा, हनुमानगढ़, जैसलमेर, करौली, कोटपूतली–बहरोड़, अजमेर सहित अन्य स्थानों पर भी कई धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है। इससे पहले कल गणपति का सिंजारा पर्व मनाया गया। इस मौके पर गणेश जी को मेहंदी अर्पित की गई। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश प्रतिमा को स्वर्ण मुकुट पहनाया गया और पारंपरिक श्रृंगार किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने भगवान गणेश से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

00000

राजस्थान राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से बीकानेर में आयोजित की जा रही है। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में आज और कल बालक वर्ग तथा 29 और 30 अगस्त को बालिका वर्ग की स्पर्धा होगी। संघ के सचिव देवनारायन गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में ओवरेज एथलीटों को रोकने के लिए मेडीकल टीम का गठन किया गया है और डोपिंग के लिए नाड़ा की टीम को भी आमंत्रित किया गया है।

00000

प्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है। कल जयपुर सहित करीब एक दर्जन शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 15 सेंटीमीटर बारिश बारिश बांसवाड़ा के भुंगरा में रिकॉर्ड हुई। राजधानी जयपुर में कल दिनभर बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई। हनुमानगढ़ और भरतपुर में भी बारिश का सिलसिला बना हुआ है। जालौर में सांधू गांव के पास नदी में डूबने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। जैसलमेर में कल शाम तेज बरसात होने से लोगों को उमस से राहत मिली। उदयपुर के झाड़ोल क्षेत्र में वाकल नदी उफान पर है। वास–नरसिंगपुरा संपर्क सड़क के बीच बनी पुलिया डूब गई है। दोनों गांवों का आपस में संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने आज नागौर, पाली, अजमेर, बूंदी, झालावाड, झुंझुनूं जयपुर सवाईमाधोपुर और टोंक जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

00000